


# षोडश बिहार विधान सभा

## अष्टम् सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-02 मंगलवार, दिनांक- 28 नवम्बर, 2017 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.45 बजे अप० तक ।**

प्रश्नकाल प्रारंभ होते ही पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर शोरगुल करने लगे एवं अपनी विभिन्न माँगों को लेकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए परन्तु आसन के अनुरोध करने पर विपक्ष के सभी माननीय सदस्यगण अपने-अपने स्थान पर बैठ गए ।

तदोपरांत आसन की ओर से कहा गया कि सभी माननीय सदस्य एक साथ अपनी बातों को रखेंगे तो सदन की गरिमा भी समाप्त होगी । माननीय सदस्य जिन मुद्दो को उठाते हैं वो सभी महत्वपूर्ण होते हैं लेकिन हर बात को उठाने का एक तरीका होता है और उसका पालन नहीं करने से बात की महत्ता भी खत्म हो जाती है । आसन का प्रयास होता है कि जनता एवं राज्य के हित से जुड़े विषयों को कार्यसूची में सूचीबद्ध किया जाए जिससे सदन के माध्यम से जनता एवं बिहार की प्रगति हो सके ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 03 अल्प सूचित प्रश्न अनागत ।
(iii) 12 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iv) 86 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्य स्थगन :-

माननीय सदस्य श्री सत्यदेव राम, श्री ललित कुमार यादव एवं श्री रामदेव राय से प्राप्त कार्य स्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया ।

| | |
|---|---|
| (i) श्री (डॉ०) शमीम अहमद | (ii) श्री फैसल रहमान |
| (iii) श्री सुदामा प्रसाद | (iv) श्री महबूब आलम |
| (v) श्री सत्यदेव राम | (vi) मो० नेमतुल्लाह |
| (vii) श्री समीर कुमार महासेठ | (viii) श्री नीरज कुमार |
| (ix) डॉ० विनोद प्रसाद यादव | (x) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह |
| (xi) श्री आनंद शंकर सिंह | (xii) श्री रामदेव राय |
| (xiii) श्री ललित कुमार यादव | |

**[4] ध्यानाकर्षण सूचना :-**

(i) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह एवं अन्य सभासदों का खान एवं भूतत्व विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अप० से 3.30 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

**विधायी कार्य**

**राजकीय विधेयक**

**[5] (i) ''बिहार विशेष सुरक्षा दल (संशोधन) विधेयक, 2017''**

माननीय प्रभारी मंत्री, गृह विभाग श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री रामदेव राय द्वारा सिद्धान्त पर विमर्श का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव द्वारा संयुक्त प्रवर समिति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया । प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

माननीय सदस्य श्री रामदेव राय द्वारा प्रवर समिति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया । प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

खण्डशः विचार के क्रम में माननीय सदस्य श्री रामदेव राय का खण्ड-2 में दिए गए संशोधन का प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा विधेयक के सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा पक्ष रखा गया ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के संबंध में विस्तार से पक्ष रखा गया । विधेयक ध्वनिमत से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

**(ii) ''बिहार कृषि बाजार प्रांगण भूमि अंतरण विधेयक, 2017''**

माननीय प्रभारी मंत्री कृषि विभाग, श्री प्रेम कुमार द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री आलोक कुमार मेहता द्वारा सिद्धांत पर विमर्श का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

माननीय सदस्य श्री आलोक कुमार मेहता एवं श्री रामदेव राय द्वारा जनमत जानने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया । प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा संयुक्त प्रवर समिति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया । प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

खण्डशः विचार के क्रम में माननीय सदस्य श्री रामदेव राय के खण्ड-3 के सभी संशोधन के प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुए तथा विधेयक के सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा पक्ष रखा गया ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया ।

(सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बर्हिगमन कर गए ।)

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा भी विधेयक पर विस्तार से अपना पक्ष रखा गया ।

विधेयक ध्वनि मत से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[6] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-23 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-29 नवम्बर, 2017 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-28.11.2017

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।